● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित ● E-mail- bordernewsmirror@gmail.com ● Website- bordernewsmirror.com

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

पटना
बुधवार, 29 जून 2022
वर्ष: 03, अंक: 399,
पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रूपए

दैनिक
बॉर्डर न्यूज मिरर
द्विभाषिक समाचार पत्र ...खबरों से समझौता नहीं





NDA में कोई मतभेद नहीं, नीतीश कुमार कार्यकाल पूरा करेंगे: धर्मेंद्र 02
खुदा हाफिज-2 के प्रमोशन के लिए इंदौर पहुंची शिवालिका 08

# मुंबई के कुर्ला इलाके में चार मंजिला इमारत ढही, मलबे से मिले 19 शव

बीएनएम@मुंबई

मुंबई के कुर्ला इलाके के नाइकनगर में बीती रात शिवसृष्टि नामक चार मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस दुर्घटना में 19 लोगों की मौत हो गई। कुल 13 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 9 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

चार लोगों का इलाज सायन तथा राजावाड़ी अस्पताल में जारी है।मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घटना में मृतकों के परिवार वालों तथा घायलों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद तथा घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज कराने की घोषणा की है। समाचार लिखे जाने तक मौके पर फायर ब्रिगेड के जवान स्वान टीम के सहयोग से मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं और यहां मलबा हटाने का काम जारी है।सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात को करीब 12 बजे कुर्ला में नाइक नगर सोसाइटी की पुरानी खतरनाक इमारत अचानक गिर गई । घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा फायर ब्रिगेड के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव तथा राहत कार्य शुरू कर दिया था। आज सुबह तक इस घटना में किसी की मौत की सूचना नहीं थी लेकिन मलबा हटाने के दौरान 19 लोगों के शव बरामद हुए।

# बागी विधायकों से उद्धव ने की अपील– मुंबई लौटें





बीएनएम@मुंबई। महाराष्ट्र में सियासी हलचल के बीच मुख्यमंत्री एवं शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने गुवाहाटी में डेरा डाले पार्टी के बागी विधायकों से मुंबई लौट आने और बैठकर हर गिले-शिकवे पर बातचीत करने की अपील की है। उद्धव ने कहा कि मुंबई लौटें, साथ बैठ कर निर्णय करेंगे। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में फंसे कई विधायकों तथा उनके परिवार वाले उनके संपर्क में हैं। पार्टी प्रमुख होने के नाते उन्होंने यह अपील की है।

**उद्धव ने कहा कि आप पिछले कुछ दिनों से गुवाहाटी में फंसे हुए हैं। आपके बारे में हर दिन नई जानकारी सामने आ रही है। आपमें से कई लोग संपर्क में भी हैं। आप अभी भी शिवसेना में हैं। उद्धव ने विधायकों से कहा कि कुछ विधायकों के परिवार के सदस्यों ने भी मुझसे संपर्क किया है और अपनी भावनाओं से मुझे अवगत कराया है।**

विशेष समाचार

## पहली जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध: भूपेन्द्र



बीएनएम@नई दिल्ली। केंद्रिय पर्यावरणमंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा है कि सरकार 01 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए राज्य सरकारों एवं हितधारकों को पर्याप्त समय दिया। पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार 01 जुलाई, 2022 से पॉलीस्टाइनिन और विस्तारित पॉलीस्टायर्न वस्तुओं सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।एक जुलाई से सभी राज्यों में कम उपयोगिता और ज्यादा कूड़ा पैदा करने वाली ऐसी करीब 19 वस्तुओं के निर्माण, भंडारण, आयात, वितरण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इन प्रतिबंधित वस्तुओं में स्ट्रॉ (पेय पदार्थ पीने वाला पाइप), स्टिरर ( पेय पदार्थ घोलने वाली प्लास्टिक की छड़), ईयर बड, कैंडी, गुब्बारे जिसमें प्लास्टिक की पाइप लगी होती है, प्लास्टिक के बर्तन (चम्मच, प्लेट आदि), सिगरेट के पैकेट, पैकेजिंग फिल्म और साज सज्जा में इस्तेमाल होने वाला थर्मोकोल शामिल है।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार साल पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की शपथ ली थी। उसके बाद अब 01 जुलाई से देश इस दिशा में अपना पहला कदम उठाने जा रहा है। औसतन देश में एक व्यक्ति हर साल करीब 10 किलो प्लास्टिक का इस्तेमाल करता है।

## कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सरकारी बैंको लेकर मोदी सरकार को घेरा, कहा

# बैंकों को निजी हाथों में देना चाहती है केन्द्र सरकार

बीएनएम@नई दिल्ली

कांग्रेस का कहना है कि केन्द्र सरकार अब सरकारी बैंकों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अब सरकारी बैंकों का पूरी तरह निजीकरण करने जा रही है।



श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार बीते आठ वर्षों में कई सरकारी संपत्ति को निजी हाथों में सौंप चुकी है। यह सरकार सरकारी उपक्रमों जैसे, पीएसयू, रेलवे, हवाई अड्डे, एलआईसी सहित तमाम ऐसे सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रही है। लेकिन अब बैंकों को भी निजी हाथों में देना बहुत दुखद है। कांग्रेस केन्द्र के इस फैसले का विरोध करती है।श्रीनेत ने कहा कि सरकारी बैंकों का देश के विकास में अहम् योगदान रहा है। यहां से किसान, गरीब, छोटे व्यापारी सहित ग्रामीणों को ऋण मिलता रहा है। देश का हर गांव इन्हीं बैंकों से जुड़ा है। यह बैंक अगर निजी हाथों में चले गए तो देश को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। इन बैंकों पर बड़े औद्योगिक घरानों का कब्जा था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पुनः इन बैंकों को को निजी हाथों में देकर क्या हासिल करना चाहती है। केन्द्र सरकार को यह बताना चाहिए।श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार दावा करती है कि अग्निवीरों को चार साल बाद वह अपने पीएसयू में नौकरी देगी लेकिन जिस तरह से मोदी सरकार इन पीएसयू को बेच रही है। उससे तो यही लगता है कि आने वाले दिनों में केन्द्र के पास कोई पीएसयू रह ही नहीं जाएगी।

आदेश

ईडी ने दिया एक जुलाई को पेश होने का आदेश

# ईडी ने शिवसेना प्रवक्ता संजय राऊत को भेजा दूसरा समन

बीएनएम@नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को शिवसेना प्रवक्ता संजय राऊत को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ करने के लिए मंगलवार को दूसरा समन जारी किया। ईडी ने संजय राऊत को अलीबाग में खरीदी गई जमीन के बारे में पूछताछ के लिए एक जुलाई को हाजिर होने का आदेश दिया है।



इससे पहले ईडी ने संजय राऊत को 27 जून को समन जारी कर 28 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित रहने का आदेश दिया था, लेकिन संजय राऊत आज पूर्वनियोजित बैठक की वजह से ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए थे। संजय राऊत ने आज वकील के माध्यम से पत्र भेजकर ईडी से दूसरी तारीख देने का निवेदन किया था। इसके बाद ईडी ने संजय राऊत को दूसरा समन जारी किया है।बताया जा रहा है कि गोरेगांव स्थित पत्राचाल योजना में हुए घोटाले की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में आरोपित के बैंक खाते से संजय राऊत की पत्नी के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर हुए थे। इसी मामले की जांच ईडी मनी लॉन्ड्रिंग ऐंगल से कर रही है। इसी पैसे से संजय राऊत पर अलीबाग में जमीन खरीदने का आरोप है।

**इस समय राज्य में सियासी संकट है और भाजपा हर हालत में शिवसेना का अस्तित्व खत्म करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।**

हालांकि संजय राऊत ने वह सभी पैसे लौटा देने तथा अलीबाग में जमीन अपने मेहनत के पैसे से तकरीबन 20 साल पहले खरीदने का दावा किया है। राऊत ने आरोप लगाया कि उन्हें ईडी जानबूझकर परेशान कर रही है।


## हम शिवसेना और बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे ले जाने का कर रहे काम: एकनाथ शिंदे



बीएनएम@गुवाहाटी। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना के विद्रोही धड़े के विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को गुवाहाटी के रेडिसन ब्लू होटल में हुई। बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्रोही धड़े के नेता एकनाथ शिंदे ने बैठक की अध्यक्षता की।बैठक के बाद होटल के बाहर एकनाथ शिंदे ने पहली बार मीडिया को संबोधित किया। शिंदे ने कहा कि हम लोग शिवसेना और बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। मुंबई में बैठे कुछ लोग कह रहे हैं कि गुवाहाटी से 20 से 25 विधायक उनके संपर्क में हैं। ये वो लोग हैं जो कपोल कल्पित दावा कर रहे हैं। शिंदे ने जोर देकर कहा कि ऐसे लोगों के दावे में जरा भी सच्चाई है तो वे आगे आएं और अपनी सूची जारी करें कि उनके संपर्क में कौन लोग हैं। दूसरी ओर शिवसेना नेता अनिल देसाई ने दावा किया था कि गुवाहाटी में बैठे 20 से 25 विधायक उनके संपर्क में हैं। देसाई के बयान के बारे में शिंदे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम सभी लोग एक साथ हैं और शिवसेना की भलाई के लिए डटे हुए हैं।इसी बीच महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना के कद्दावर नेता उदय सावंत ने गुवाहाटी से वीडियो संदेश जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

## बेउर जेल में 40 कैदी कोरोना पॉजिटिव



बीएनएम@पटना

राजधानी पटना के बेउर जेल में सजा काट रहे 40 कैदी कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। कोरोना के इस ब्लास्ट के बाद वार्ड को 24 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। यह जानकारी बेउर जेल के जेल सुप्रिंटेंडेंट ने दी है। जेल प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए जेल प्रशासन के कर्मचारी, अधिकारी और अन्य कैदियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है।उल्लेखनीय है कि बिहार में लगातार कोरोना संक्रमण के आंकड़ों में इजाफा हो रहा है। राजधानी पटना में लगातार दूसरे दिन कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। रविवार के बाद सोमवार को पटना में 80 नए मरीजों की पहचान हुई और अब मंगलवार को बेउर जेल के 40 कैदी पॉजिटिव हो गये।

# NDA में कोई मतभेद नहीं, नीतीश कुमार कार्यकाल पूरा करेंगे: धर्मेंद्र

**बैठक में धर्मेंद्र भाजपा नेताओं को जुबान पर रोक लगाने और पार्टी में अनुशासन और संयम बनाकर रखने की सलाह दी।**

बीएनएम@पटना

पटना पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कोर कमेटी की बैठक की।

बैठक में उन्होंने भाजपा नेताओं को जुबान पर रोक लगाने और पार्टी में अनुशासन और संयम बनाकर रखने की सलाह दी।सीएम नीतीश से मुलाकात के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन में कोई गतिरोध नहीं है। नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। भाजपा उनके साथ मजबूती से रहेगी। दो अलग-अलग राजनीतिक दल है, तो ऐसे में स्वभाविक है कि कभी- कभी मतों में भिन्नता हो जाती है लेकिन कोई बड़ा विभेद नहीं है।



उन्होंने कहा कि एनडीए ने राष्ट्रपति के लिए अपना उम्मीदवार झारखंड के पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को बनाया है। उन्हें नीतीश कुमार ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू जल्द ही बिहार आएगी। वे बिहार के लोकसभा सदस्य और विधानसभा सदस्य से अपने पक्ष में वोट के लिए अपील करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी द्रौपदी मुर्मू को वोट देंगे, मुझे यह पूरा विश्वास है।

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को पटना पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे सीएम आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। दोनों के बीच मुख्य रूप से राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने को लेकर बातचीत हुई। केंद्रीय मंत्री ने सीएम नीतीश का आभार जताया। साथ ही जदयू-भाजपा के रिश्तों पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई।उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से राज्य के कुछ खास मुद्दों पर एनडीए गठबंधन में विरोधाभास दिख रहा है। इसके बीच जदयू ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की ओर से उतारी गई उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर दिया।

# अदाणी समूह मुजफ्फरपुर में करेगी बड़ा निवेश, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार




**अदाणी विल्मर की टीम ने किया जिले के मोतीपुर फूड पार्क और बेला औद्योगिक क्षेत्र का दौरा।**

**प्लांट लगाने के लिए 40 एकड़ जमीन की होगी जरूरत**

बीएनएम@पटना

देश के सबसे बड़े रईश गौतम अदाणी की कंपनी बिहार की औद्योगिक नगरी मुजफ्फरपुर में पूंजी निवेश का मन बना रही है। अदाणी समूह की खाद्य तेल की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी अदाणी विल्मर की टीम ने जिले के मोतीपुर फूड पार्क और बेला औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया है।

यहाँ की सुविधाएं देखने के बाद अब कंपनी यहां खाद्य तेल का प्लांट लगा सकती है। कंपनी की तीन सदस्यीय टीम ने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के अधिकारियों से दोनों स्थानों पर भूजल स्तर, बिजली की उपलब्धता, आसपास के बाजार, एनएच-एसएच व रेलवे माल गोदाम आदि इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी ली।तीन सदस्यीय टीम पहले बेला औद्योगिक क्षेत्र के आईडीपीएल परिसर पहुंची।

टीम का कहना है कि प्लांट लगाने के लिए 40 एकड़ जमीन चाहिए। इसके बाद टीम मोतीपुर पहुंची। कंपनी की इंजीनियरों की टीम जल्द ही दौरा करेगी। इसके बाद डीपीआर बियाडा को ज़म्मिेदारी दी जा सकती है।

यह अदाणी विल्मर की बिहार में पहली इकाई होगी। इससे बेरोजगार लोगों को भी फायदा होगा। करीब दो हज़ार लोगों के लिए यहां रोज़गार के अवसर खुलेंगे।दूसरी बियाडा ने कहा कि 143 एकड़ में मेगा फूड पार्क खुलना है। यहां हल्दीराम व आईटीसी आदि ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव दिया है। कंपनियां यहां अपना पैर इसलिए पसारना चाहती है, क्योंकि ये नेपाल और उप्र.से सटा है।

# जदयू के सदन का बहिष्कार करने की चर्चा को भाजपा-जदयू ने बताया गलत

**तीसरे दिन अग्निपथ योजना पर भोजनावकाश के बाद चर्चा होने लगी कि जदयू विधायक भी सदन से बाहर**

बीएनएम@पटना

विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन अग्निपथ योजना पर भोजनावकाश के बाद चर्चा होने लगी कि जदयू विधायक भी सदन से बाहर हो गये हैं।

इस चर्चा को गलत ठहराते हुए जदयू नेता और बिहार सरकार के मंत्रियों ने कहा कि जदयू ने सदन का बहिष्कार नहीं किया है। जदयू के विधायक और विधान पार्षद सदन में मौजूद थे।उन्होंने कहा कि कुछ लोग अंदर बाहर कर रहे थे। अग्निपथ योजना के मुद्दे पर हम लोगों का स्टैंड वही है, जो पहले था। इस पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पहले ही बता चुके हैं। जदयू के विधायक संजीव कुमार ने कहा कि जदयू विधायकों ने सदन का बहिष्कार नहीं किया।

सदन में अनुपस्थिति पर उन्होंने कहा कि हम लोग अंदर-बाहर कर रहे थे। यह कोई इनटेंशनल नहीं था, बल्कि सिचुएशनल था। उन्होंने अग्निपथ योजना पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्टैंड का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर युवाओं में काफी आक्रोश हैं। इस पर विचार किया जाना चाहिए।सदन की कार्यवाही से जदयू के आउट होने के सवाल पर भाजपा विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि जदयू भाजपा एक साथ है। सदन से जदयू के विधायक थे। उन्होंने कहा कि एक भी जदयू विधायक ने कहा कि उन्होंने सदन का बहिष्कार किया है।

उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह ऐसी बातें कर रही है।उल्लेखनीय है कि बिहार विधानमंडल के पांच दिवसीय मानसून सत्र के तीन दिन अग्निपथ की भेंट चढ़ गए। विपक्ष इसको लेकर लगातार सदन में हंगामा कर रहा है। अब राजद ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार का भी ऐलान कर दिया है।

## चराज्य के आठ जिलों में बनेगा 15 रेलवे ओवरब्रिज, जाम से मिलेगी निजात

**पटना।** बिहार के लोगों को अब जल्द ही सड़क पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल पायेगा। बिहार सरकार ने राज्य के कई ऐसे जिलों का चयन किया है, जहां ज्यादा जाम की समस्या होती है और यहां ब्रिज मनाने से लोगों को जाम से जुझना नहीं पड़ेगा।राज्य सरकार ने जाम लगने वाले 15 रेलवे क्रॉसिंग की पहचान कर रेलवे ओवरब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। इन 15 रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण सेतु बंधन योजना के माध्यम से किया जाना है। जिसके निर्माण में 1175 करोड़ 79 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान सरकार ने लगाया है।पथ निर्माण विभाग के अनुसार दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चम्पारण, नवादा, बेगूसराय और कटिहार में 15 आरओबी बनाने का फैसला लिया है। सभी 15 आरओबी के निर्माण में 1175 करोड़ 79 लाख खर्च होंगे।

## फॉरेस्ट अधिकारी के घर और दफ्तर पर एक साथ ईओयू का छापा

बीएनएम@पटना

नीतीश सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ते हुए मंगलवार को एक और अधिकारी के ऊपर शिकंजा कसा है। आर्थिक अपराध इकाई ने फॉरेस्ट विभाग के एक अधिकारी के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है।

मुजफ्फरपुर में सहायक उद्यान निदेशक के पद पर तैनात शंभू प्रसाद के पटना और मुजफ्फरपुर स्थित अलग-अलग ठिकानों पर सुबह से आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी जारी है।छापेमारी को लेकर आर्थिक अपराध इकाई की तरफ से जो अधिकारिक जानकारी दी गई है, उसमें बताया गया है कि शंभू प्रसाद के मुजफ्फरपुर स्थित सहायक उद्यान निदेशक कार्यालय साथी साथ बीएमपी-6 स्थित मुजफ्फरपुर के किराए के आवास स्थान पटना के पटेलनगर स्थित रोड नंबर-8 के मकान



और पटना जिले के ही बेलछी स्थित फतेहपुर गांव में पैतृक आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।मुजफ्फरपुर में सहायक उद्यान निदेशक के पद पर तैनात शंभू प्रसाद ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अकूत परिसंपत्ति अर्जित की है।

उन्होंने अपने और परिजनों के नाम पर अकूत संपत्ति बनाई।इस मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है। अनुमान है कि उन्होंने अपनी आय से करीब 101 फ़ीसदी ज्यादा संपत्ति बनाई है।

## बिहार में होगी अग्निवीरों की बहाली, जल्द होगी अधिसूचना जारी

**बीएनएम@पटना।** केंद्र सरकार की सेना बहाली को लेकर लाई गई स्कीम अग्निपथ का सबसे ज्यादा विरोध करने वाले प्रदेश बिहार में अग्निवीरों की बहाली जल्द की जायेगी। बिहार में छात्रों ने अग्निपथ योजना के खिलाफ जमकर हिंसक आंदोलन किया था, लेकिन अब सब कुछ शांत हो चुका है। छात्रों का भ्रम भी पहले से कम हुआ है।बिहार में सेना भर्ती मुख्यालय कार्यालय दानापुर की ओर से अग्निपथ योजना के तहत जल्द ही भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना जारी की जाएगी।

भर्ती कार्यालय दानापुर के निदेशक कर्नल तेजेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत अग्निवीर कहलाने वाले युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में सेवा का मौका मिलेगा। अग्निवीरों को उनके सेवाकाल के दौरान आकर्षक मासिक वेतन, अन्य भत्ते तथा चार साल के बाद सेवानिवृत्त होने पर सेवा निधि योजना के तहत टैक्स फ्री रकम भी दी जाएगी।

# तेजस्वी ने किया विधानमंडल मानसून सत्र का बहिष्कार, कल देंगे धरना



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार विधानमंडल मानसून सत्र के तीसरे दिन अग्निपथ योजना पर हो रहे हंगामे के बीच मंगलवार को अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार विधानमंडल के सत्र बहिष्कार की घोषणा की। साथ ही बुधवार को विपक्षी दलों के सदस्य विधानमंडल में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा के समक्ष धरना देंगे. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अग्निपथ योजना की कमियों को गिनाते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में जब तक हमारी बातों को नहीं सुना जाएगा तब तक हम सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। सदन के भोजनावकाश के बाद के दूसरे सत्र का हम बहिष्कार करते हैं। साथ ही बुधवार को कर्पूरी ठाकुर के मूर्ति के सामने विरोध स्वरूप धरना देंगे। सत्ता पक्ष पर तानाशाह रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए तेजस्वी ने कहा कि हम सदन चलने देना चाहते हैं लेकिन सत्ताधारी दल सदन चलने नही देना चाहते हैं। अग्नि पथ योजना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्टैंड क्या है ये साफ़ होना चाहिए। यह विपक्ष को जानने का पूरा अधिकार है। उनके सहयोगी दल ने ही सरकार और मुख्यमंत्री पर गम्भीर आरोप लगाए हैं, ऐसे में इन मुद्दों पर नीतीश कुमार को अपनी स्थिति साफ़ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सवालों का जवाब देने के बदले सत्ता पक्ष की ओर से सदन चलाने में गम्भीरता नहीं दिखाई जा रही है।हम इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष का कहना है कि अग्निपथ योजना का मुद्दा केन्द्र का है लेकिन इससे बिहार के युवाओ का भी भविष्य जुड़ा हुआ है। इस आंदोलन में कई छात्रों पर मामला दर्ज किया गया है, बिहार के कई कोचिंग सेंटर को परेशान किया जा रहा है. हमारी मांग है कि उन पर दर्ज मुक़द्दमे को वापस लिया जाये। अगर अग्निवीर योजना इतनी अच्छी है तो ये सिर्फ़ सैनिक पर क्यों लागू किया जा रहा है बड़े अधिकारियों पर क्यू नही लागू किया जा रहा है। क्या जो नियमित सेना के जवान को फ़ायदा मिलता है वही फायदा इन्हें मिलेगा। इसी बात की चर्चा हम सदन में चाहते थे। सदन में अग्निपथ पर चर्चा होनी चाहिए। हम सदन में इस बात की चर्चा करना चाहते हैं. लेकिन हमारी माँग को नामंज़ूर कर दिया जा रहा है।

## NEWS IN BRIEF

### मॉनसून सत्र में जदयू ने विपक्ष का दिया साथ, कार्यवाही में नहीं हुए शामिल

पटना। मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बिहार विधानसभा की कार्यवाही जहां एक ओर अग्निपथ योजना पर विपक्ष के विरोध की भेंट चढ़ गया, वहीं दूसरी ओर दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु होने पर जदयू का एक भी सदस्य शामिल नहीं हुआ। मंगलवार को सुबह 11 बजे विधानसभा और 12 बजे विधानपरिषद की कार्यवाही शुरु हुई। हालांकि, विधानपरिषद की कार्यवाही आज सुचारु रुप से चली लेकिन विधानसभा की कार्यवाही शुरु होते ही तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने अग्निपथ स्कीम को लेकर सरकार से जवाब मांगा और उस पर चर्चा कराने की मांग की। सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद दो बजे शांतिपूर्ण तरीके से चली लेकिन इस दौरान जदयू का एक भी विधायक सदन में मौजूद नहीं रहा। विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक को लेकर चर्चा चली। भाजपा के विधायक संजय सरावगी की तरफ से दिए गए प्रस्ताव पर यह चर्चा शुरु हुई। जदयू के विधायकों को विधानसभा स्थित वाचनालय में बुला लिया गया। सदन में मौजूद तीन मंत्री सुनील कुमार, शीला मंडल और मदन सहनी भी बुलावे के बाद सदन से बाहर चले गए।

विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य मंत्रणा की बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, डिप्टी सीएम रेणु देवी, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, कांग्रेस से अजीत शर्मा, जीतन राम मांझी, एआईएमआईएम से अखरुल इमाम, वाम दल के सत्यदेव राम और महबूब आलम मौजूद थे। हालांकि कार्य मंत्रणा समिति की मीटिंग विफल रही और दोनों पक्ष एकमत नहीं हो सके।

## अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर। जिले कु जगदीशपुर पुलिस ने अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ जब्त कर लिया है। जगदीशपुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि सोमवार देर शाम थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के निकट बहिरा स्थान के समीप एक ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड किया जा रहा था। इसकी सूचना मुझे मिली, सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। साथ ही अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर मोदीपुर घाट से जप्त किया गया है। दोनों ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के खिलाफ अवैध बालू उत्खनन का मामला दर्ज कर लिया गया है। मंगलवार सुबह मोदीपुर में छापेमारी कर अवैध बालू लदे एक और ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। लगातार कार्रवाई किए जाने से बालू माफियाओं में हड़कंप का माहौल है।

## राज्य के सात जिलों में वज्रपात से 16 की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक


बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के सात जिलों में आकाशीय बिजली और आंधी तूफान की चपेट में आने से मंगलवार को 16 लोगों की मौत होने की खबर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की। मंगलवार को वज्रपात से पूर्वी चम्पारण में चार, भोजपुर में तीन, सारण में तीन, पश्चिम चम्पारण में दो, अररिया में दो, बांका में और मुजफ्फरपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। लोगों की असमय मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार - चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने वज्रपात की घटना में सभी मृतकों के दिवंगत आत्मा को चिरशांति एवं दुःख की घड़ी में प्रभावित परिवार के परिजनों को धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## एसडीओ के बॉडीगार्ड की आत्महत्या से बेगूसराय में मचा कोहराम

बीएनएम@बेगूसराय।

बेगूसराय। बेगूसराय निवासी बिहार पुलिस के जवान छपरा सदर एसडीओ के अंगरक्षक प्रवीण कुमार चौधरी के आत्महत्या से गांव में कोहराम मच गया है। जवान की पत्नी एवं दोनों बच्चे छपरा में ही उसके साथ रहते थे, तेघड़ा प्रखंड के पकठौल गांव में पैतृक घर पर बूढ़ी मां और बड़ा भाई परिवार के साथ रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं गांव में कोहराम मच गया। स्थानीय मुखिया पंकज सहनी एवं परिजन सहित ग्रामीण शव लाने के लिए छपरा रवाना हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्व. विष्णुदेव चौधरी के पुत्र छपरा में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार के बॉडीगार्ड के रूप में डयूटी पर तैनात था। छपरा पुलिस द्वारा ग्रामीणों परिजनों को सूचना दी गई है कि प्रवीण चौधरी ने मंगलवार की दोपहर गार्ड रुम में था, इसी दौरान कनपटी में गोली मार लिया। गोली की आवाज सुनते ही दौड़े सहयोगी उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जेब से सुसाइड नोट बरामद होने की जानकारी मिली है, छपरा पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद ही इस संबंध में विशेष कुछ पता चल सकता है।




## वज्रपात से 16 की मौत, सीएम ने जताया शोक



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के सात जिलों में आकाशीय बिजली और आंधी तूफान की चपेट में आने से मंगलवार को 16 लोगों की मौत होने की खबर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की। मंगलवार को वज्रपात से पूर्वी चम्पारण में चार, भोजपुर में तीन, सारण में तीन, पश्चिम चम्पारण में दो, अररिया में दो, बांका में और मुजफ्फरपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। लोगों की असमय मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार - चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।**

उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि यह घटना अत्यंत मर्माहत करने वाली है। हमारी संवेदनाएं सभी मृतक परिवार के साथ हैं। उन्होंने संबंधित जिला के आपदा प्रबंधन के पदाधिकारियों को प्रावधान के अनुरुप सभी मृतक परिवार के आश्रितों को मुआवजा की राशि शीघ्र मुहैया कराने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने वज्रपात की घटना में सभी मृतकों के दिवंगत आत्मा को चिरशांति एवं दुःख की घड़ी में प्रभावित परिवार के परिजनों को धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

संक्षिप्त समाचार

## हेल्थ सेक्टर में निर्माण कार्य को डीएम ने दी स्वीकृति

**मोतिहारी।** 15 वीं वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में जिले के ग्रामीण एवं शहरी निकाय क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा हेल्थ सेक्टर में होने वाले निर्माण कार्य को लेकर केयर इंडिया के तत्वाधान में मंगलवार को उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने की।उल्लेखनीय है कि 15 वें वित्त आयोग के तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 60 उप स्वास्थ्य केंद्र एवं 12 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण किया जाना है।जिसके लिए के द्वारा सरकार के गाइडलाइन के अनुसार भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर डीएम ने बताया कि सभी निर्माण कार्य में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 14 एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 63 प्रकार की जांच की जाएगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन,डीपीएम,जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति ने की समीक्षा बैठक**

बीएनएम@मोतिहारी



बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति ने की समीक्षा बैठक-गमोतिहारी। समाहरणालय स्थित राधा कृष्णन सभागार में आज जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला के सभी बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय की मौजूदगी में हुई।

बैठक को संम्बोधित करते हुए जिप अध्यक्ष राय ने कहा कि पहले हुई बैठक का अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पूर्व में पारित प्रस्ताव के संबंध में जानकारी नहीं मिल पाई है।जो ऐजेन्डा पूर्व के बैठक में था वही ऐजेन्डा इस बैठक में भी रखा गया है। वहीं आज फिर कहना है कि जिले में KCC लोन किसानों को सुलभ तरीके से मिले लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। बैंक अपना लक्ष्य पुरा करने में खानापूर्ति करते हुए ऐसे लोगो को KCC का लाभ दे देती है जो जरूरतमंद नहीं है।जो ऋण डिफल्टर हैं, जिनपर मुकदमा हो गया है और जो घर छोड़कर भागे हुए है, एक तो उनका परिवार भुखमरी के कागार पर है।इसलिए मैने पिछले बैठक में भी सुझाव दिया था कि कैम्प लगाकर डिफॉल्टरों के साथ सेटलमेन्ट की कार्रवाई की जाय जो अब तक नहीं हुआ।पिछली बैठक में मैने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन और स्टैण्डअप इंडिया के संबंध में मै कुछ जानकारी मांगी थी।परन्तु अब तक वो भी मुझे उपलब्ध नही कराया गया।उन्होंने कहा कि बैक अपना कार्य पूरी तत्परता से करें और पारित प्रस्तावों का अनुपालन प्रतिवेदन निश्चित रूप से सदस्यों को उपलब्ध कराए।

## टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन कार्य में लाएं प्रगति: डीएम



**मोतिहारी।** राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग की। कोविड-19 टीकाकरण एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर निर्माण से संबंधित डीएम एवं सीएस सर्जन के साथ समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि ओमीक्रोम खतरे से निपटने के लिए सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन कार्य में प्रगति लाएं। जेल में प्रीक्युशन डोज में तेजी लाएं। मुलाकातियों का टेस्टिंग एवं मास्क पहनना जरूरी होगा। इसको लेकर डीएम ने सीएस को निर्देश देते हुए कहा कि जिलेभर में टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन कार्य में प्रगति लाएं। रूटीन इम्यूनाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करें। मौके पर डीएम, सीएस के अलावा डीटीओ आदि प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## रक्तदान से बढ़कर नहीं है कोई दान: अंगद



बीएनएम@मोतिहारी

**अंगद कुमार सिंह ने सभी लोगों से रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की।**

रेडक्रॉस के नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य ई.अंगद कुमार सिंह की ओर से रक्तदान शिविर लगाया। रेडक्रॉस परिसर में आयोजित शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त दान हुए। ई.अंगद सिंह ने बताया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है।

उन्होंने सभी लोगों से रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। अंगद सिंह, गुड्डु सिंह, संजीत मिश्रा, अजय प्रताप, नवीन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, साहेब पटेल, रवि श्रीवास्तव, विश्वजीत राय, करन कुमार, चंदन तिवारी, अभय यादव, साजन कुमार सहित कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर रेडक्रॉस के सभापति विभूति नारायण सिंह,कोषाध्यक्ष महेश सिन्हा के अलावा मीना मिश्रा आदि मौजद रहे।

# घर में लगी आग में जिंदा जल गए पति-पत्नी

## आग में झुलसे 38 वर्षीय दुलारचंद की भी हालत गंभीर

**हादसे में बुरी तरह झुलसा 38 वर्षीय घर का सदस्य, हालत गंभीर।**

**अगलगी की घटना में खाद्य सामग्री सहित लाखों रूपए की संपति जलकर हुई खाक।**

बीएनएम@पताही



पताही प्रखंड क्षेत्र स्थित नुनफरवा पंचायत के वार्ड संख्या-6 के एक घर में सोमवार की देर रात हुई अगलगी की घटना में पति-पत्नी जिंदा जल गए। मृतक 60 वर्षीय गणेश महतो एवं 55 वर्षीय गंगाजली देवी बताई जा रही।

जबकि, घर का एक सदस्य 38 वर्षीय दुलारचंद महतो गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। अगलगी की घटना में खाद्य सामग्री सहित लाखों रूपए की संपति जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बताया जाता है कि गणेश महतो दिव्यांग थे। सोमवार की देर रात उनके घर में अचानक आग लग गई। उनकी पत्नी गंगाजली देवी अपने पति को बचाने पहुंची। लेकिन, दोनों आग के चपेट में आ गए और मौत हो गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। हालांकि, ग्रामीणों ने इसकी सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। टीम ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। इस हृदयविदारक घटना के बाद ग्रामीण सन्न थे। घटना में लाखों रूपए की संपति जलकर खाक होने की भी सूचना है। अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद से ग्रामीण स्तब्ध हैं।

**बयान** | भाजपा, राजद, जदयू व कांग्रेस और से उब चुके लोग

# अब बिहार को बेहतर बनाने के लिए काम करूंगा: प्रशांत

बीएनएम@मोतिहारी



अब तक विभिन्न दलों की सरकार बनाने के रणनीति पर काम कर रहा था। अब अपने गृह प्रदेश बिहार को चमकाने और बढाने की रणनीति पर काम करूँगा।

उक्त बातें जन सुराज संपर्क यात्रा के तहत मोतिहारी पहुंचे राजनैतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कही। शहर के युवा बुद्धिजीवियो एवं स्वतंत्रता सेनानियो के उत्तराधिकारियो से मिलने के बाद आज पत्रकारों को संबोधित करते किशोर ने कहा कि अगामी 2 अक्टूबर से वो चंपारण से पदयात्रा पर निकल कर बिहार के चप्पे चप्पे का दौरा करूँगा। इस दौरान संवाद परिचय के साथ सही सोच के लोगो का चयन करूँगा।पूरे डेढ साल इस पर काम करने के बाद आगे की रणनीति पर सामूहिक सहयोग से काम होगा।उन्होंने कहा आजादी के बाद से अबतक बिहार मे 25 सरकार बनी।सबने अच्छा काम किया लेकिन फिर भी मेरा राज्य सबसे गरीब,पिछड़ा,भ्रष्ट एवं भूखमरी का शिकार क्यो बना हुआ है? ये हमारे शोध का विषय होगा।केवल राजनैतिक दल बनाकर चुनाव लड़ना उद्देश्य नही बिहार का कायाकल्प हो इस पर काम होने चाहिए।उन्होने कहा परिचय संवाद हो रहा है।फिर सही लोगो का चुनाव किया जायेगा। उन्होने कहा भाजपा राजद जदयू कांग्रेस और उसके नेताओ से लोग उब चुके है। बिहार के उर्जावान युवा कुछ बेहतर करना चाहते है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश मे रहने वाले लगभग 250 से ज्यादा बिहार के प्रतिभा हमसे जुड़े है। जो बिहार के बेहतरी के लिए काम करना चाहते है।

## रक्तदान से बढ़कर नहीं है कोई दानः अंगद

**बीएनएम@मोतिहारी।** रेडक्रॉस के नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य ई.अंगद कुमार सिंह की ओर से रक्तदान शिविर लगाया। रेडक्रॉस परिसर में आयोजित शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त दान हुए। ई.अंगद सिंह ने बताया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। उन्होंने सभी लोगों से रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। अंगद सिंह, गुड्डु सिंह, संजीत मिश्रा, अजय प्रताप, नवीन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, साहेब पटेल, रवि श्रीवास्तव, विश्वजीत राय, करन कुमार, चंदन तिवारी, अभय यादव, साजन कुमार सहित कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया।

## महिला समेत दो पर गिरा ठनका, गई जान

**बीएनएम@मोतिहारी।** जिले में मंगलवार को ठनका गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पहला मामला छौड़ादानो प्रखंड का है, जबकि दूसरा सुगौली का। छौड़ादानो प्रखंड अंतर्गत भेलवा पंचायत के बुदुवाहां गांव निवासी सज्जाक की 55 वर्षीय पत्नी कोरैशा खातुन की मौत हो गई। बताया जाता है कि करीब तीन बजे वह बारिश से जलावन बचाने के लिए घर से निकली। इस बीच वह ठनका के चपेट में आ गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संक्षिप्त समाचार

## मिस यूनिवर्स को बेटे की हीरोइन बनाकर बनीं निर्देशक, जन्मदिन के जश्न से दूर रहती हैं उपासना



मुंबई। हिंदी फिल्मों में हीरो जब किसी फिल्म में पहली बार परदे पर उतरता है तो उसके लिए खास संवाद, खास सीक्वेंस और खास बैकग्राउंड म्यूजिक तक बनाया जाता है, बात हीरोइनों की हो तो ऐसी दृश्यावलियां कम ही ध्यान आती हैं। हां, अभिनेत्री उपासना सिंह इसका अपवाद हैं। उनका संवाद "शैतान से जन्मी, अंधेरों में पली, कहते हैं सब मुझको काली परी" अब तक लोगों को खूब याद है। 29 जून 1975 को पंजाब के होशियारपुर में पैदा हुईं उपासना सिंह अपनी मां के निधन के बाद से अपना जन्मदिन नहीं मनाती हैं। इन दिनों वह बीते साल की मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ अपने बेटे को लॉन्च करने की तैयारियों में व्यस्त हैं।

# बिहार सरकार गंभीर रोगों से पीड़ित व आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का करा रही इलाज

बीएनएम@बेतिया

बिहार सरकार गंभीर रोगों से पीड़ित गरीब मरीजों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के माध्यम से इलाज करा रही है। इस कोष से 14 असाध्य बीमारियों के इलाज में सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर इलाज कराने पर भी कोष से सहायत दी जाती है।

गरीब मरीजों को इलाज कराने के लिए 20 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है।सालाना 2.5 लाख से कम आय वाले रोगियों को मिलता है योजना का लाभ:स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष कमेटी की अनुशंसा पर सूची में शामिल 14 बीमारियों के अलावा भी अन्य दूसरी बीमारियों के इलाज के लिये सरकार की तरफ से एक लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान है। सालाना 2.5 लाख से कम आय वाले तथा प्रदेश के सरकारी और सीजीएचएस से मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज कराने वाले रोगी को ही सहायता दी जाती है। इन अस्पताल से इलाज के दूसरे प्रदेश में रेफर करने वाले रोगी को भी सहायता दी जाती है।



**जटिल रोगों के उपचार में हो रही सहायता:**

हृदय रोग, कैंसर, कुल्हा रिप्लेसमेंट, घुटना रिप्लेसमेंट, नस रोग, एसिड अटैक से जख्मी, बोन मैरौ ट्रांसप्लान्ट, एड्स, हेपेटाइटिस, कोकिलेर इम्प्लांट, ट्रांस जेंडर सर्जरी, नेत्र रोग समेत चौदह तरह की बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी सहायता दी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में आर्थिक सहायता के लिए 13155 आवेदन आये, जिसमें से 11180 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसके लिए सरकार की तरफ से 93 करोड़ 63 लाख 2500 रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

## ठनका गिरने से एक बृद्ध महिला की मृत्यु

बेतिया। बेतिया के रतनमाला पंचयात के वार्ड नं.10 हरिजन टोली में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक बुर्जुग महिला रूखी देवी की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गये, जिनमे एक किशोरी भी शामिल है।घायलों को स्थानीय क्लीनिक में भर्ती किया गया है। यह जानकारी पंचायत के मुखिया निर्मला तिवारी ने दी।उन्होंने बताया कि घटना के समय सभी सरेह में रोपनी के लिये धान का बिचड़ा उखाड़ रहे थे, तभी तेज गरज के साथ आकाशीय बिजी गिरी और उसकी चपेट में बिचड़ा उखाड़ रही रूखी देवी, उनका 35 वर्षीय बेटा चंद्रदीप कुमार, बेटी पूजा कुमारी और एक पड़ोसन गुलाबी देवी आ गयी।

## पटजिलवा में सिकरहना तटबंध पर स्लुईस गेटपुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश

बीएनएम@चिरैया

प्रखंड क्षेत्र के खड़तरी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पटजिलवा गांव में सिकरहना तटबंध पर स्लुइस गेट पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पटजिलवा गांव के लोगों को बारिश के मौसम में मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ पर पहुंचने के लिए पिंडारी, खड़तरी गांव होते हुए लगभग आठ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

जबकि, सिकरहना तटबंध पर पुल का निर्माण होने से यह दूरी घटकर सिर्फ एक किलोमीटर रह जाएगी। ग्रामीण अभी से ही बाढ़ को लेकर काफी चिंतित व मायूस है। क्योंकि, उन्हें प्रत्येक वर्ष की ही तरह बाढ़ के समय में भय के साये में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस पुल के नहीं बनने से पटजिलवा गांव के लोगों को बरसात के समय जान-माल की काफी हानि होती है, क्योंकि सिकरहना नदी मे जब बाढ़ आती है, तो गांव चारों तरफ से पानी से घिर जाता है और मुख्य पथ को जोड़ने वाले मार्ग पर लगभग 5 से 6 फीट ऊंचाई से पानी तेज रफ्तार के साथ बहने लगती है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है। मजबूर होकर ग्रामीणों को अपनी छतों या पड़ोसी की छत पर अपने परिवार और पशुओं की जान बचाने के लिए कई दिनों तक भूखे-प्यासे गुजर-बसर करना पड़ता हैं। बाढ़ के समय में प्रत्येक वर्ष गांव के लोग व उनके पालतू पशुओं की जान बाढ़ के पानी में डूबकर चली जाती है।

इस समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों द्वारा पुल निर्माण की मांग 1980 से लगातार करते आ रहे है। मालूम हो कि पुल निर्माण की मांग को लेकर 2020 के विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की घोषणा की थी।

DM नें लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं ऑनलाइन म्यूटेशन की विस्तृत समीक्षा की

## अंचलाधिकारी को शोकॉज करने का निर्देश

बीएनएम@बेतिया

पश्चिम चंपारण जिला के डीएम ने समाहरणालय सभाकक्ष बेतिया में अतिमहत्वपूर्ण लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं ऑनलाइन म्यूटेशन की विस्तृत समीक्षा की। लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अंतर्गत कम उपलब्धि तथा समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामनगर को शोकॉज करने तथा वेतन पर रोक लगाने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त तीनों आमजन से जुड़ी हुयी बेहद ही महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। निर्धारित समयावधि में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन हर हाल में कर देना है।ऑनलाईन म्यूटेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 63 दिन से ज्यादा वाले मामले लंबित नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखना है। लंबित मामले रखने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।



साथ ही उनके विरूद्ध प्रप्त्र-क की कार्रवाई भी की जायेगी। अपर समाहर्ता, पश्चिम चम्पारण को नियमित रूप से ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही कम उपलब्धि वाले तथा मामले लंबित रखने वाले अंचलाधिकारियों को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निष्पादित कराया जाय। आफ्टर टाईमलाइन क्रॉस वाले पेंडिंग मामले शून्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु त्वरित गति से लंबित मामलों का निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने निदेश दिया कि आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों का ऑफलाइन डिस्पोजल करने के उपरांत तुरंत ही ऑनलाइन डिस्पोजल भी कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक | समीक्षात्मक बैठक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में अयोजित की गई।

## शिक्षा सेवकों व तालिमी मरकज के साथ समीक्षात्मक बैठक

बीएनएम@बगहा

प्रखंड संसाधन केंद्र बगहा दो में मंगलवार को शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज की समर कैंप से संबंधित समीक्षात्मक बैठक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को अयोजित की गई।

बीईओ विजय कुमार यादव ने सभी शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकजों को बेसलाइन रिपोर्ट और इंड लाइन रिपोर्ट इस महीने के अंत तक हर हाल में जमा करने का निर्देश दिया है। शिक्षक सेवकों ने कहा



कि हम सभी का 4 माह से मानदेय लंबित हैं।मानदेय की राशि ससमय नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई हैं, जिसको लेकर बीईओ ने शिक्षक सेवकों को आश्वासन दिया कि आप सभी के मानदेय को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात की जायेगी।

बीईओ विजय कुमार यादव एवं बीआरसी पिंटू कुमार के द्वारा शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज की समर कैंप से संबधित जानकारी प्राप्त करते हुए, उन्हें विधिवत प्रशिक्षण दिया गया हैं।

इस महीने के अंतिम तिथि तक जितने बच्चों को पढ़ाया जा रहा हैं, उससे संबधित बेसलाइन रिपोर्ट और इंड लाइन रिपोर्ट बीआरसी बगहा दो कार्यालय में सुपुर्द करने को कहा।

## हजारीमल उच्चतर माध्मिक विद्यालय में वाणिज्य की पढ़ाई शुरू, छात्रों में खुशी की लहर

बीएनएम@रक्सौल

अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हजारीमल में सत्र 2022 से वाणिज्य विषय की पढ़ाई की अनुमति मिल गई है। इससे कॉमर्स पढ़नें वाले छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

अभिषेक कुमार पटेल के नेतृत्व में बच्चों की टीम मंगलवार को हजारीमल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार एवं स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रंजित सिंह को सामूहिक रूप से दोशाला, फूल के माला एवं लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और पौधा देकर सम्मानित किया। इंटर कॉलेज बनने के बाद भी इस विद्यालय में कॉमर्स की पढाई नहीं होती थी, इससे बच्चों को काफी परेशानी होती थी। छात्रों की मांग लंबे अर्से से हो रही थी कि यहां पर वाणिज्य विषय की पढ़ाई हो।

चालू वर्ष छात्रों की एक टीम स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रंजीत सिंह से मिला और आग्रह किया कि इस विद्यालय में कॉमर्स की पढाई शुरू कराने के लिये कुछ प्रयास आप अपने स्तर से करें। इसको उन्होंने गंभीरता पूर्वक लिया। रंजीत सिंह को विद्यालय के प्रधानाध्यापक का साथ मिला। वहीं डीईओ को भी पत्राचार किया।

BORDER NEWS MIRROR

Wednesday 29 June 2022

# Editorial

## पालोन जीः सादा जीवन-बड़ा निर्माण

देश के प्रमुख उद्योगपति और सार्वजनिक निर्माण क्षेत्र के पितामह माने जाने वाले पालोन जी मिस्त्री का निधन हो गया। उद्योग जगत के लिए यह भारी क्षति है। वे 93 वर्ष के थे। उनका निधन इस दुनिया से एक बड़े व्यक्तित्व का जाना ही नहीं है बल्कि व्यवसाय और उद्योग जगत की बहुत सी शख्सियतों के लिए किसी किंवदंती या उदाहरणों का भी एक ठहराव है। कहा जा सकता है कि मृत्यु की अपनी शाश्वतता है, जिससे होकर सभी को गुजरना ही है। पालोन जी हमेशा याद किए जाते रहेंगे, खासकर एक भारतीय कंस्ट्रक्शन कंपनी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए। पालोन जी मिस्त्री की जिंदगी बेहद प्रेरणादायक है। पालोन जी मिस्त्री इस दुनिया को अलविदा कहने के बाद अपने पीछे एक नाम और लगभग 75 देशों में कारोबार के साथ 70 हजार कर्मचारियों का एक भरा-पूरा साम्राज्य छोड़ कर गए हैं। शापोर जी पालोन जी यानी एसपी ग्रुप का मजबूत ब्रांड। पालोन जी का जन्म 01 जून, 1929 को हुआ और मृत्यु 28 जून को 2022 को। जन्म शनिवार को हुआ और मृत्यु मंगलवार को हुई। शनिवार और मंगलवार 'हनुमान जी' के दिन माने जाते हैं। वैसे पालोन जी पारसी धर्म से जुड़े परिवार का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने काम वही किया जो लंका विजय में हनुमान जी ने किया। पालोन जी मिस्त्री ही वे शख्स हैं , जिन्होंने अपनी कंपनी के बिजनेस को भारत के बाहर ले जाकर मध्य पूर्व देशों में न केवल स्थापित किया बल्कि वहां भारतीय पहचान का झंडा गाड़ दिया। 1970 के दशक में पालोन जी ने कतर, दुबई और अबूधाबी में एक से एक भवनों का निर्माण कार्य शुरु किया। उनको सबसे ज्यादा ख्याति तब मिली जब उनकी कंपनी को ओमान के सुल्तान का महल बनाने का काम मिला। अबूधाबी में फेयरमोंट बाब अल बहर होटल, मैरियट होटल अबूधाबी, मस्कट में सुल्तान काबूस पैलेस, दुबई में दमाक के पार्क टावर्स और दोहा में बरवा सिटी कई ऐसी परियोजनाएं हैं, जिन्हें एसपी ग्रुप ने पूरा किया है।

## युवाओं के लिए बेहतर 'अग्निपथ'

**डॉ. विपिन कुमार**





रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के 14 जून को 'अग्निपथ योजना' की घोषणा के बाद 'काफी कुछ' देश में हो चुका है। इस योजना के तहत चार साल की अवधि के लिए युवाओं की भर्ती सेना के तीनों अंगों में होनी है। इस योजना पर उठाए जा रहे सवालों और विवादों की वजह से यह जानना बेहद जरूरी है कि सरकार की अग्निपथ योजना नई नहीं है। इसका एक रूप 'टेरिटोरियल आर्मी' के रूप में हमारी सेना में पहले से ही है। 9 अक्टूबर, 1949 को टेरिटोरियल आर्मी के पहले कैंप का उद्घाटन हुआ था। हालांकि मूल रूप से इसकी स्थापना 1920 में अंग्रेजों ने की थी। 'सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस' कही जाने वाली टेरिटोरियल आर्मी में वॉलंटियर्स होते हैं। इन्हें मिलिट्री टेनिंग मिली होती है। 'सतर्कता और शौर्य' इस फोर्स का मोटो है। फिलहाल टेरिटोरियल आर्मी में पचास हजार जवान हैं। इनमें कई मशहूर हस्तियां भी शामिल हैं। टेरिटोरियल आर्मी ने 1962, 1965 और 1971 की लड़ाई में हिस्सा लिया है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के समय जरूरी सेवाओं को बहाल करने में यह सेना अहम भूमिका निभाती है। 'टेरिटोरियल आर्मी' में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्रसिंह धोनी, कपिल देव, निशानेबाज अभिनव बिंद्रा आदि सम्मिलित हैं। कई फिल्मी हस्तियां भी इस आर्मी में शामिल हैं। ये सभी बीच-बीच में अपनी इस भूमिका को सेना के बीच रहकर पूरा करते हैं। टेरिटोरियल आर्मी को प्रादेशिक सेना भी कहा जाता है। प्रादेशिक सेना के अनेक विभाग हैं, जैसे-आर्म्ड कोर, तोपखाना कोर, जिसमें हवामार और तटरक्षा यूनिटें सम्मिलित हैं। इंजीनियर कोर में बंदरगाह और रेलवे यूनिटें सम्मिलित हैं। संकेत कोर में डाक तार कोर शामिल है। पैदल सेना, सेना सेवा कोर, सेना चिकित्सा कोर और विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी कोर भी है। प्रादेशिक सेना के यूनिट दो प्रकार के हैं। पहला नागरिक और दूसरा प्रांतीय। प्रांतीय यूनिटों में ग्रामीण अंचल के व्यक्ति भर्ती किए जाते हैं और दो या तीन महीने की अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। नागरिक यूनिटों में बड़े नगरों के व्यक्तियों को भर्ती किया जाता है। इन्हें साप्ताहिक पद्धति से शाम के समय, रविवार तथा छुट्टियों में एवं अधिक से अधिक चार दिनों के शिविरों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। इजराइल में भी 18 साल के बाद देश के हर युवा को दो साल के लिए ट्रेनिंग दी जाती है और उसके बाद उन्हें जरूरत पड़ने पर वापस सेना में बुलाया जाता है। इसलिए 'अग्निपथ'योजना को मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तौर पर देखा जाना चाहिए। यह देश के युवाओं को और खुद देश को भी युवा रखने की सफलतम योजना है। इससे देश के युवाओं और देश का भविष्य पूर्णता सुरक्षित होगा। अब यह जानना भी बहुत जरूरी है कि अग्निपथ योजना से देश को क्या लाभ होने वाले हैं। इस समय देश का मौजूदा रक्षा बजट लगभग सवा पांच लाख करोड़ रुपये है। इसका पचास से साठ प्रतिशत हिस्सा वेतन एवं पेंशन पर खर्च हो जाता है। ऐसे में कटौती करना बेहद जरूरी है। सरकार यह मानती है कि अग्निपथ योजना के लागू होने से देश के रक्षा बजट में काफी हद तक बचत होगी और इससे सेना को नई तकनीकी से लैस किया जा सकता है। इसके अलावा देश को उच्च कुशल प्रशिक्षित सेनाबल भी मिलेगा। सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी होगी। सेना में तकनीकी क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। देश में 'युवा रक्षक' तैयार हो सकेंगे। इसका एक उद्देश्य है कि समय पड़ने पर या संकट की अवस्था में युवा देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहें। इस योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी देना सरकार का उद्देश्य है।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार हैं। )**

*Today's* **Opinion**

## खोखली योजनाओं से कैसे सहेजा जाएगा बारिश का पानी




**ऋतुपर्ण दवे**

यूं तो समूची पृथ्वी पर 97 प्रतिशत पानी है। लेकिन तीन प्रतिशत ही उपयोग के लायक है। उसमें भी 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी बचता है जो नदियों, झीलों, तालाबों और कुओं में है जिसे हम उपयोग करते हैं। यकीनन आंकड़ा बेहद चौंकाने वाला है लेकिन हकीकत यही है। बीते कुछ वर्ष पूर्व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक याचिका दाखिल हुई थी। उसके आंकड़े बेहद सचेत करते हैं जिसमें कहा गया था कि भारत में रोजाना 4,84,20,000 क्यूबिक मीटर से ज्यादा पीने का पानी केवल बर्बाद होता है। लोकसभा में प्रश्न संख्या 2488 के जवाब में दो वर्ष पूर्व पता चला था कि 23 प्रतिशत ग्रामीण आबादी (लगभग 21 करोड़) को पीने का साफ पानी तक मुहैया नहीं है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 71 करोड़ ग्रामीणों को रोजाना 40 लीटर तो 18 करोड़ को उससे भी कम पानी मिल पाता है। भारत में स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद यह स्थिति बेहद चिन्तनीय है। लेकिन ढाई बरस बाद यानी 2025 तक हमारी पानी की मांग 40 बिलियन क्यूबिक मीटर से बढ़कर 220 बिलियन क्यूबिक मीटर होगी तब चिन्ता और भी ज्यादा होगी। कुछ वर्ष पहले नेचर कंजरवेंसी ने साढ़े सात लाख से अधिक जनसंख्या वाले दुनिया के 500 शहरों के जलगत ढांचे का अध्ययन कर एक निष्कर्ष निकाला था जिसमें राजधानी दिल्ली पानी की कमी से जूझ रहे विश्व के 20 शहरों में दूसरे स्थान पर रही जबकि जापान की राजधानी टोक्यो पहले पर थी। इस सूची में दिल्ली के अलावा भारत के चार शहर कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु और हैदराबाद भी शामिल हैं। यह स्थिति तब है जब देश में हर साल मानसून के दौरान कहीं न कहीं जबरदस्त बाढ़ आती है जिससे कई शहरों व कस्बों में स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि घरों की पहली मंजिल तक डूब जाती है। हाल में असम का उदाहरण सामने है। लगभग समूचे भारत में पीने के पानी का संकट बारिश के दो-चार महीने बाद ही शुरु हो जाता है। दूसरी बड़ी सच्चाई यह कि आज कोई भी महानगर हर घर चौबीस घंटे जल आपूर्ति बनाए रखने की स्थिति में नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि अभी दुनिया में करीब पौने 2 अरब लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिलता है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की मौसम विज्ञान एजेंसी (डब्ल्यूएमओ) की "द स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज 2021 वॉटर" नाम की नई रिपोर्ट बताती है कि 2018 में दुनिया भर में 3.6 अरब लोगों के पास पूरे साल में करीब एक से दो महीने पानी की जबरदस्त कमी थी। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो यह 2050 तक 5 अरब लोग कमीं से जूझेंगे। सबको पता है कि 0.05 प्रतिशत पानी ही उपयोगी और ताजा है। जबकि अभी दुनिया की आबादी करीब 7.9 अरब है। धरती के बढ़ते तापमान के चलते भी पानी की उपलब्धता में बदलाव स्वाभाविक है। जलवायु परिवर्तन का सीधा असर बारिश के पूर्वानुमानों और कृषि चक्र की सदियों से बनीं ऋतुओं पर भी पड़ा है। कभी लगता है कि मानसून जल्दी आ गया, कभी लगता है कि आकर भटक गया। कभी बादल उमड़-घुमड़ कर भी बिना बरसे निकल जाते हैं। कभी बरसते हैं तो ऐसा कि शहर के शहर पानी-पानी हो जाते हैं। कुल मिलाकर एक अनिश्चितता बनी रहती है। लगता नहीं कि धरती और आसमान के बीच जो सामंजस्य था, प्यार था, अपनापन था अब वो नहीं रहा? महज 20-25 साल पहले की स्थिति को याद करें तो ऐसा नहीं था। बस प्रकृति के इसी बदलाव या असंतुलन के चलते बारिश को लेकर पल-पल बदलती स्थितियों से लगता नहीं कि मौसम का मिजाज बेकाबू हो गया है और बेहद गुस्से में है? यह बेहद खतरनाक स्थिति है। बावजूद इसके हम गंभीर नहीं हैं न बारिश के पानी को सहेजने और न प्रकृति के साथ बेरहमी को लेकर। क्या होगा तब जब बकौल विश्व बैंक की उस रिपोर्ट जिसमें कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन और जबरदस्त पानी के दोहन के चलते देशभर के 60 फीसद वर्तमान जल स्त्रोत सूख जाएंगे। खेती तो दूर की कौड़ी रही, प्यास बुझाने खातिर पानी होना नसीब की बात होगी। उधर 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की वह रिपोर्ट भी डराती है जिसने पानी संकट को दस अहम खतरों में ऊपर रखा गया है। यह दसवीं 'ग्लोबल रिस्क' रिपोर्ट है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरीरोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# राजस्थान को सड़क मार्ग से अन्य राज्यों से जोड़ने का किया जा रहा कार्य : नितिन गडकरी



बीएनएम@जयपुर

जयपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से राजस्थान में 1357 करोड़ रुपये लागत की 243 किलोमीटर लंबाई की 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। राजस्थान को अन्य राज्यों से सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार लगातार प्रयासरत है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास के साथ-साथ युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने उम्मीद जताई कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-168A पर सांचौर से निनावा खण्ड के चौड़ीकरण कार्य से जालौर जिले के ग्रेनाइट उद्योगों के व्यवसाय में वृद्धि होगी और किसानों के लिए सूरतगढ़ मंडी तक पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-911 पर श्रीगंगानगर से रायसिंह नगर तक और राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर सुदृढ़ीकरण के कार्य से सड़क के दोनों ओर अंतरराष्ट्रीय सीमा और सैन्य स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा, जिससे भारत की रणनीतिक ताकत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सूरतगढ़ शहर में 4-लेन फ्लाईओवर से सुरक्षित जाम मुक्त यातायात सुनिश्चित होगा। साथ ही अन्य परियोजनाओं से गुजरात और राजस्थान के पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी सुगम होगी। स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी। आरओबी के निर्माण से लेवल क्रॉसिंग के जाम से निजात मिलेगी। इन परियोजनाओं से ईंधन की बचत होगी, दुर्घटनाओं में कमी होगी, औद्योगिक, कृषि, परिवहन और पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। सशस्त्र बलों को सीमा से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, नए रोजगार का निर्माण होगा, जिससे राजस्थान प्रगति और खुशहाली की ओर आगे बढ़ेगा। समारोह के दौरान उन्होंने राजस्थान में आने वाले समय में 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से 25 नए बाईपास बनाने की घोषणा की। इसके अलावा सेतुबंधन योजना के अंतर्गत राज्य मार्गों पर आरओबी के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही राजस्थान के लिए सीआरआईएफ में 900 करोड़ रुपये और सेतुबंधन योजना में 700 करोड़ रुपये के मंजूरी की घोषणा की।

## NEWS IN BRIEF

### महाराष्ट्र के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर की ओर से विधायकों को जवाब देने के लिए तय किए गए समय को बढ़ाकर 12 जुलाई कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने 12 जुलाई की शाम साढ़े पांच बजे तक विधायकों की ओर जवाब दाखिल करने का समय दिया है। सुनवाई के दौरान एकनाथ शिंदे की ओर से वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि डिप्टी स्पीकर को अयोग्यता के मामले पर विचार करने का क्षेत्राधिकार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ उन्हें हटाने का प्रस्ताव लंबित है। पहले स्पीकर को यह साबित करना चाहिए कि विधायकों के बहुमत का समर्थन उनके साथ है। जिस स्पीकर को बहुमत का समर्थन हो, वह फ्लोर टेस्ट से क्यों डरेगा। कौल ने नबाम रेबिया के केस का उदाहरण दिया। इस पर शिवसेना विधायक दल के नेता अजय चौधरी की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नबाम रेबिया केस का उदाहरण गलत तरीके से दिया जा रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि हम पहले डिप्टी स्पीकर के वकील को सुनना चाहते हैं। तब डिप्टी स्पीकर के लिए पेश वकील राजीव धवन ने कहा कि पहले सिंघवी को बोलने दिया जाए।

एकनाथ शिंदे और भगत गोगावले ने याचिका दायर की है। याचिका में अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता बनाए जाने को भी चुनौती दी गई है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बागी विधायकों ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को चुनौती देते हुए कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन पर आपत्ति जताई है।

## भारत और मलेशिया ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का किया फैसला

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने मलेशियाई समकक्ष हिशामुद्दीन तुन हुसैन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये वार्ता की। इस दौरान भारत और मलेशिया ने आपसी रक्षा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलेशिया के वरिष्ठ रक्षा मंत्री हिशामुद्दीन तुन हुसैन के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और रक्षा औद्योगिक सहयोग से संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने मौजूदा मलेशिया भारत रक्षा सहयोग बैठक (मिडकॉम) ढांचे के तहत मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों और ढांचे तथा उन्हें और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। अगला मिडकॉम जुलाई 2022 में आयोजित होने वाला है, और रक्षा में गहरी भागीदारी के लिए उपयोग करने का निर्णय लिया गया।

## प्रधानमंत्री से चर्चा कर राज्य में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाएं उद्धव

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र में चल रहे सियासी बवाल के बीच सोमवार को शिंदे समूह ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर सरकार बनाने का सुझाव दिया है। इस पत्र में शिंदे समूह की ओर से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को छोटा भाई मानते हैं। उद्धव ठाकरे को प्रधानमंत्री से महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए बात करनी चाहिए। इस पत्र में बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाए जाने की भी पेशकश की गई है। अभी तक पत्र पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की ओर से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। सोमवार दोपहर शिंदे समूह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। पत्र के बारे में खुलासा शिंदे समूह के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने मीडिया के समक्ष किया। उन्होंने बताया कि शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को बड़ा मन दिखाते हुए खुद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद का तिलक लगाना चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री उद्धव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी उद्धव को छोटा भाई मानते हैं। उनकी बात को प्रधानमंत्री नकार नहीं सकते। इसलिए उद्धव ठाकरे को एकनाथ शिंदे को राज्य का अगला

## अब मोहल्ला क्लीनिक में लगाई जाएगी कोरोना वैक्सीन

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने और लोगों को सुलभता से एहतियाती खुराक मिल सकें, इसके लिए दिल्ली सरकार अपने 'आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक' में वैक्सीनेशन सेंटर शुरु करने जा रही है। जहां लोगों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए सभी मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। डोर-टू-डोर अभियान के बाद राजधानी में वैक्सीनेशन की गति को और बढ़ाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। वहीं, वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, कोविड वैक्सीन की पहली खुराक, दूसरी खुराक और एहतियाती खुराक सहित दिल्ली भर में लोगों को 3.49 करोड़ टीके लगाए जा चुके है। इस पहल के बारे में बताते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली में हमने सभी पात्र लाभार्थियों के वैक्सीनेशन के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। दिल्ली में हमने 'मिशन मोड' में टीकाकरण अभियान चलाया है, अभी भी कुछ लोगों को दूसरी डोज और आबादी के एक बड़े हिस्से को कोरोना से बचाव के लिए नई जोड़ी गई एहतियाती खुराक देना बाकि है।



## सोनिया गांधी के निजी सचिव पर दुष्कर्म का आरोप




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। द्वारका जिले के उत्तम नगर इलाके में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पीपी माधवन पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। डीसीपी हर्षवर्धन ने उक्त मामले में कहा है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला 26 जून को उत्तम नगर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसके पति कांग्रेस के कार्यक्रमों में होर्डिंग्स व पोस्टर लगाते थे। वर्ष 2018 से वह भी कांग्रेस के कार्यक्रमों में जाने लगी थी। इस दौरान वह कई बार पार्टी कार्यालय गई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उसके पति की मौत के बाद उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई। मदद की आस में वह कांग्रेस दफ्तर गई तो वहां पर पीपी माधवन का नंबर किसी ने दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने पीपी माधवन से बात की और अपनी दयनीय स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद उनसे बातचीत का सिलसिला चलता रहा। महिला के मुताबिक पीपी माधवन ने इस वर्ष 21 जनवरी को नौकरी के इंटरव्यू के लिए सुंदर नगर के एक मकान में बुलाया। वहां पर महिला के कागजात लेने के साथ ही उसके परिवार के बारे में माधवन ने पूछताछ की। महिला ने पुलिस को बताया कि माधवन ने अपनी पत्नी से तलाक होने की बात कहते हुए उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की। उसने भी शादी के लिए हामी भर दी। इसके बाद वीडियो व ऑडियो काल से बात होने लगी। महिला ने पुलिस को बताया कि एक दिन उत्तम नगर में रात दस बजे मिलने के लिए माधवन ने बुलाया। महिला का आरोप है कि माधवन ने कार में उसे बिठा लिया और अपने ड्राइवर को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद महिला के साथ गलत व्यवहार करने लगा। महिला ने विरोध किया तो गुस्से में वह चला गया। अगले दिन माधवन ने महिला को काल किया और माफी मांगी। इसके बाद पहले की तरह ही बात होने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि एक दिन दोबारा आरोपित ने सुंदर नगर के एक फ्लैट पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

# BNM Fantasy



## 'फोनभूत' की रिलीज डेट तय

लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी हॉरर -कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' की रिलीज डेट मेकर्स ने अनाउंस कर दी है । इसकी जानकारी अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए दी है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए सिद्धांत ने लिखा- 'फोनभूत की दुनिया में आपका स्वागत है। आ रहे हैं 7 अक्टूबर,2022 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में !' गौरतलब है कि इस फिल्म को मेकर्स पिछले साल ही रिलीज करना चाहते थे, लेकिन देश में फैले कोरोना महामारी के कारण फिल्म को समय पर रिलीज नहीं किया जा सका था।

# ख

*खुजा हाफिज-2 के प्रमोशन के लिए इंदौर पहुंचे विद्युत जामवाल और शिवालिका*

फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल और अभिनेत्री शिवालिका ओबेराय मंगलवार को सुबह इंदौर पहुंचे। वे यहां अपनी अपकमिंग फिल्म खुदा हाफिज 2 के प्रमोशन के लिए आए हैं। उनके साथ फिल्म के निर्देशक फारुक कबीर भी इंदौर आए। अभिनेता विद्युत जामवाल की अपकमिंग फिल्म 'खुदा हाफिज 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में आगामी 8 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ मंगलवार को फिल्म अभिनेत्री शिवालिका ओबेराय और निर्देशक फारुक कबीर भी इंदौर आए हैं। तीनों शहर में अलग-अलग जगह फिल्म का प्रमोशन करेंगे। इंदौर के 2 कॉलेजों की विजिट कर वहां स्टूडेंट्स से मिलेंगे और राजेन्द्र नगर स्थित मल्टीप्लेक्स में वे फिल्म का ट्रेलर भी लॉन्च करेंगे। उल्लेखनीय है कि 'खुदा हाफिज 2' एक्शन थ्रिलर फिल्म 'खुदा हाफिज' का सीक्वल है। यह फिल्म 2020 में रिलीज हुई। 'खुदा हाफिज 2' को लेकर विद्युत जामवाल काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके एक्शन को देखने के लिए दर्शकों को इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है।



## जैस्मिन की पार्टी में लगा सितारों का मेला

### *अली गोनी ने खास अंदाज में दी बधाई*



'बिग बॉस 14 ' की कंटेस्टेंट एवं अभिनेत्री जैस्मिन भसीन अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। लेकिन इससे पहले अभिनेत्री ने बीती रात लेट नाइट बर्थडे पार्टी सेलिब्रेट की। इस दौरान जैस्मिन भसीन के बॉयफ्रेंड व एक्टर अली गोनी के अलावा राहुल वैद्य, कृष्णा मुखर्जी समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई हस्तियां मौजूद थीं। सोशल मीडिया पर इस बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें व वीडियोज वायरल हो रहे हैं । अपने बर्थडे पार्टी में जैस्मिन ब्लैक कलर के ड्रेस में काफी खूबसूरत लग रहीं थी। इस दौरान वह काफी खुश और एक्साइटेड नजर आईं। केक काटते वक्त एक्ट्रेस खुशी से नाचने भी लगीं, जिसे देख अली के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। जैस्मिन भसीन के चुलबुलेपन से कोई भी अंजान नहीं है। यह चुलबुलापन उनका पार्टी में भी देखने को मिला, जब एक्ट्रेस केक काटने के बाद खुद ही उसे खाने लगीं। इस दौरान जैस्मिन के साथ उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी ने उन्हें डायमंड इयररिंग गिफ्ट की। सोशल मीडिया पर जैस्मिन के बर्थडे सेलिब्रेशन की इन तस्वीरों व वीडियोज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 28 जून, 1990 को जन्मीं जैस्मिन भसीन आज अभिनय जगत का जाना माना नाम बन चुकी है। जैस्मिन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2011 में आई तमिल फिल्म 'वाणम' से की थी। लेकिन उन्हें असली पहचान मिली ज़ीटीवी पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'टश्न ए इश्क' से। इसके बाद जैस्मिन दिल से दिल तक, दिल तो हैप्पी है जी, नागिन 4 आदि धारावाहिकों में नजर आईं। इसके अलावा वह कुछ रियलिटी शोज़ में भी दिखाई दीं। जैस्मिन ने इन सब के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और पंजाबी भाषा की कुछ फिल्मों में भी अभिनय किया है और इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है ।